भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2910

उत्तर देने की तारीख-18/03/2026

कक्षा आठवीं के पाठ्यक्रम में नए अध्यायों को शामिल करना

2910 # **श्री रामजी लाल सुमन:**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा कक्षा आठवीं के पाठ्यक्रम में शामिल किए गए लंबित मुकदमों, उनके समाधान और मौजूदा वास्तविक चुनौतियों से संबंधित अध्याय की वस्तुस्थिति क्या है;

(ख) उक्त पाठ्यक्रम में लंबित मुकदमों, उनके समाधान और चुनौतियों से संबंधित अध्याय को प्रकाशित करने और शामिल करने के संबंध में निर्णय किस-किस स्तर पर लिए गए थे; और

(ग) इस पाठ्यक्रम में क्या कमियां हैं और उनके समाधान की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग): भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित कक्षा 8 के लिए (भाग-2) सामाजिक विज्ञान पाठ्यपुस्तक तथा उससे संबंधित अन्य विषयों के संबंध में रिट याचिका (सिविल) सं. 1/2026 के माध्यम से स्वतः संज्ञान लिया है। अतः यह प्रकरण न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है।

*****